# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

Ref:………………… Date:………………………

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (27.02.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 27.02.2025, PAGE-06

## मार्च में शुरू होगी स्नातक दूसरे सेमेस्टर की कक्षा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में मार्च महीने से स्नातक दूसरे सेमेस्टर की कक्षा शुरू होगी।

विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि सिलेबस को समय पर पूरा करने के लिए स्नातक सेमेस्टर टू सत्र 2024-28 की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। हालांकि, अभी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कॉपियों की जांच शुरू हुई है, लेकिन रिजल्ट से पहले ही विवि में कक्षाएं शुरू हो रही हैं। विवि का कहना है कि देर से कक्षा शुरू होने पर सिलेबस के पूरा नहीं होने का डर रहता है, ऐसे में छात्र अधूरी तैयारी कर पूरी परीक्षा देंगे। कक्षा शुरू करने के लिए सभी कॉलेजों को निर्देश भेजा जायेगा।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 27.02.2025, PAGE-06

## मैनेजमेंट विभाग का कराया जाएगा संबद्धन

मुजफ्फरपुर।बीआरएबीयू के मैनेजमेंट विभाग का एआईसीटीई से संबद्धन कराया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पिछले वर्ष उच्च शिक्षा निदेशालय ने सभी तकनीकी कोर्स को एआईसीटीई से मान्यता लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद कई कॉलेजों ने अपने यहां चलने वाले बीसीए कोर्स की मान्यता एआईसीटीई से ली थी। लेकिन, विवि के मैनेजमेंट विभाग ने अभी मान्यता नहीं ली है।

मैनेजमेंट विभाग को मान्यता दिलाने के लिए विभाग ने विवि के अधिकारियों से संपर्क किया है। मैनेजमेंट विभाग के पास अपना भवन भी नहीं है, इसके लिए भी विभाग प्रयास कर रहा है। अभी कॉमर्स विभाग में मैनेजमेंट विभाग चल रहा है। बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है इस बारे में कुलपति से मार्गदर्शन लिया जायेगा। कुलपति के निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। बीआरएबीयू में अलग से मैनेजमेंट विभाग खोलने के लिए पिछले साल से ही विवि प्रयास कर रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

# HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 27.02.2025, PAGE-04

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुए थे 1.40 लाख से अधिक विद्यार्थी, अंग्रेजी का मूल्यांकन आज से

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं कई जिलों के कलेक्शन सेंटर पर पड़ी हैं। एमएस कालेज मोतिहारी में बनाए गए कलेक्सन सेंटर से कापियां अब तक विश्वविद्यालय में नहीं पहुंची हैं। पूर्वी चंपारण जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों से कापियों को प्राप्त कर एमएस कालेज मोतिहारी में ही रखा गया था। साथ ही, कुछ अन्य केंद्रों से भी कापी अब तक मुख्याल नहीं पहुंची है। इसका प्रभाव रिजल्ट पर पड़ना तय है। कापी नहीं पहुंचने के कारण सभी विषयों का कोडिंग कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। इससे एक साथ सभी विषयों का मूल्यांकन भी शुरू नहीं हो सका है। परीक्षा विभाग के स्तर से जारी आदेश के तहत अब तक केवल हिंदी की



कापियों का ही मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ है। वहीं, अन्य विषयों की जांच भी शुरू नहीं हो सकी है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि अधिकतर कलेक्शन सेंटर से उत्तर पुस्तिकाएं मंगवाई जा चुकी हैं।

**चार जिलों में बनाए गए थे कलेक्शन सेंटर :** प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के बाद चार जिलों में कलेक्शन सेंटर बनाए गए थे। इसमें एलएन कालेज भगवानपुर, एमजेके कालेज बेतिया, एमएस कालेज मोतिहारी और एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी को केंद्र बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि स्नातक सत्र 2024-28 के तहत पिछले सत्र में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा पिछले महीने संपन्न हुई है। इसके बाद इसी सप्ताह से कापियां का मूल्यांकन शुरू हुआ है। परीक्षा में करीब 1.40 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

**आज से अंग्रेजी की कापियों का भी होगा मूल्यांकन :** हिंदी की उत्तर पुस्तिकाओं के बाद अब गुरुवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी की कापियों का मूल्यांकन शुरू होगा। परीक्षा नियंत्रक ने विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभागाध्यक्ष समेत सभी अंगीभूत कालेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर अंग्रेजी के शिक्षकों को विभाग और महाविद्यालयों से रिलीव करने का अनुरोध किया है। कहा गया है कि सभी शिक्षक रिलीविंग के बाद मूल्यांकन केंद्र पर योगदान देंगे।

## फीस पर कालेजों के लिए गाइडलाइन जल्द ही जारी करेगा विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्सों में फीस की एकरूपता स्थापित करने के बाद अब कालेजों में भी एक समान शुल्क संरचना लागू होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से रूप-रेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही विश्वविद्यालय स्तर से सभी कालेजों के प्राचार्यों की बैठक होगी। यह भी संभव है कि नामांकन के दौरान की विश्वविद्यालय के अधिकारी कुछ कालेजों में जांच करने पहुंचेंगे। नामांकन के लिए कालेज में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं से इसकी जानकारी ली जाएगी। इससे विश्वविद्यालय को शुल्क संरचना का पता चलेगा। पीजी कोर्सों में चल रही नामांकन प्रक्रिया में कई कालेजों में मानक से अधिक शुल्क लिए जाने और डेवलपमेंट समेत अन्य प्रकार का शुल्क वसूले जाने की शिकायत हुई है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अगले कुछ महीने में स्नातक में भी नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में शुल्क की एकरूपता स्थापित करना जरूरी है। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों सभी कालेजों को निर्देश दिया गया है कि वे शुल्क संरचना को अधिसूचित करें। विश्वविद्यालय में पहली मेधा सूची के आधार पर शुक्रवार तक नामांकन की प्रक्रिया होनी है। इसके बाद सीटों की गणना किए जाने के बाद दूसरी मेधा सूची जारी होगी। इस आधार पर कालेजों और पीजी विभागों में नामांकन होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 27.02.2025, PAGE-04


# संबद्धता के लिए 71 कालेजों की आधारभूत संरचना की होगी जांच

**नए सत्र में महाविद्यालयों को संबद्धता प्रदान करने के लिए होगा इंस्पेक्शन, एफिलिएशन कमेटी की बैठक में संबद्धता पर लगेगी मुहर**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र में 71 कालेजों के संबंधन से संबंधित प्रस्ताव पर निर्णय के लिए कालेजों के आधारभूत संरचना की जांच होगी। विश्वविद्यालय की ओर से गठित जांच दल कालेजों में पहुंचकर विभिन्न मापदंडों के आधार पर सुविधा समेत अन्य बिंदुओं की जांच करेगा। इसमें भूमि की उपलब्धता, भवन से लेकर किताब, उपस्कर, लैब समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। विश्वविद्यालय की ओर से इंस्पेक्शन टीम की गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी होगी। इसी आधार पर कालेजों की जांच के लिए निरीक्षण टीम पहुंचेगी। तीन से चार इंस्पेक्शन टीम का गठन होगा। इसमें तीन से पांच सदस्य तक हो सकते हैं। कालेजों की जांच रिपोर्ट को विश्वविद्यालय में होने वाली न्यू टीचिंग एंड एफलिएशन समिति की बैठक में रखा जाएगा। यहां से मंजूरी मिलने के बाद उसे एकेडमिक काउंसिल फिर सिंडिकेट और सबसे अंत में सीनेट से अप्रूवल मिलेगा। जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न स्टैच्युटरी कमेटी की बैठक की तिथि तय होगी। इसके लिए तैयारियां तेज हो जाएंगी। इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आर्ट्स डा. राजीव कुमार ने बताया कि संबद्धता प्रदान करने के लिए कालेजों का निरीक्षण होना है। पिछले सत्र में मानकों को पूरा नहीं करने वाले कालेजों ने भी आवेदन किया है। उल्लेखनीय है कि बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी। राजभवन की ओर से इसकी मंजूरी मिल गई है।

**तीन कैटेगरी में कालेजों ने किए हैं आवेदन:** सत्र 2025 के लिए तीन कैटेगरी में कालेजों ने आवेदन दिए हैं। इसमें पहली बार संबंद्धता हासिल करने वाले, संबंधन विस्तार और स्थायी संबंधन के लिए महाविद्यालयों ने आवेदन किया है। बताया जा रहा है कि अधिकांश कालेजों ने पहली बार संबद्धता के लिए आवेदन किया है। पिछले वर्ष केवल विश्वविद्यालय की ओर से आर्ट्स संकाय में ही संबद्धता प्रदान की गई थी। वहीं मानक पूरा नहीं करने वाले कालेजों की संबद्धता रोकी गई थी। पिछले वर्ष सीनेट में करीब 29 कालेजों की संबद्धता रोकी गई थी। इसके बाद कुलाधिपति के निर्देश पर कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में सभी कालेजों में उपलब्ध संरचनाओं की जांच हुई थी। इसके बाद कई कालेजों में कई प्रकार की कमियां मिली थीं। साथ ही उन्हें कमियों को पूरा कर अगले सत्र के लिए आवेदन करने की बात भी कही गई।

**Ref:.....................** **Date:...........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 27.02.2025, PAGE-04

### सीनेट बैठक की तिथि जारी, भौतिक जांच के लिए विवि प्रशासन पर दबाव बढ़ा

# 70 कॉलेजों में विवि परखेगा सुविधाएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के विभिन्न जिलों में करीब 70 कॉलेजों ने सत्र 2025-26 के संबंधन के लिए आवेदन किया है. कॉलेजों की ओर से विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया है. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नव संबंधन, संबद्धता विस्तार और स्थायी संबंधन के लिए आवेदन करने वाले कॉलेजों की भौतिक जांच होली से पहले पूरी करने की तैयारी है. राजभवन से सीनेट की बैठक के लिए 27 मार्च की तिथि को मंजूरी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है. सीनेट से पहले कॉलेजों की जांच कर एफिलिएशन कमेटी और सिंडिकेट से प्रस्ताव स्वीकृत कराना होगा. कॉलेजों की ओर से हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध करायी गयी है. विश्वविद्यालय स्तर से भौतिक सत्यापन के बाद मानक पूरा करने वाले कॉलेजों का प्रस्ताव एफिलिएशन कमेटी से लेकर सीनेट तक रखा जाएगा. कॉलेजों की संख्या अधिक होने के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन पर जांच को लेकर दबाव बढ़ेगा. इंसपेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि सीनेट की तिथि तय हो गई है. करीब सत्तर कॉलेजों का प्रस्ताव है. इसमें कुछ आवेदन रिपीट है, क्योंकि पिछले सत्र में उनका आवेदन सरकार के स्तर से पेंडिंग रह गया था. वहीं, कुछ कॉलेजों में पहले से बीएड की पढ़ाई चल रही है.

## कम समय में जांच पूरी करने की तैयारी

विश्वविद्यालय की ओर से अलग-अलग कई कमेटी गठित करके कम से कम समय में जांच पूरी करने की योजना तैयार की गयी है. सीनेट की बैठक में मुख्य रूप से कॉलेजों के संबंधन का प्रस्ताव और अगले वित्तीय वर्ष का बजट स्वीकृत कराने के लिए रखा जाता है. हालांकि इस सत्र से सरकार ने बजट की व्यवस्था मे बदलाव किया है. विवि की ओर से बजट पोर्टल पर अपलोड किया जाना है. वहीं, कॉलेजों के संबंधन का प्रस्ताव सीनेट से स्वीकृत कराकर भेजा जायेगा. कमेटी में विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्रोफेसर और एक्सपर्ट को रखा जाएगा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 27.02.2025, PAGE-04


# पीजी नामांकन : कॉलेजों में जांच करने पहुंचेंगे अधिकारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

पीजी कोर्स में नामांकन के दौरान की विश्वविद्यालय के अधिकारी कुछ कॉलेजों में जांच करने पहुंचेंगे. नामांकन के लिए कॉलेज में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं से इसकी जानकारी ली जाएगी. इससे विश्वविद्यालय को शुल्क संरचना का पता चलेगा.

पीजी कोर्सों में चल रही नामांकन प्रक्रिया में कई कॉलेजों में मानक से अधिक शुल्क लिए जाने और डेवलपमेंट समेत अन्य प्रकार का शुल्क वसूले जाने की शिकायत हुई है. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अगले कुछ महीने में स्नातक में भी नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी. ऐसे में शुल्क की एकरूपता स्थापित करना जरूरी है. विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों सभी कॉलेजों को निर्देश दिया गया है कि वे शुल्क संरचना को अधिसूचित करें.

विश्वविद्यालय में पहली मेधा सूची के आधार पर शुक्रवार तक नामांकन की प्रक्रिया होनी है. इसके बाद सीटों की गणना किए जाने के बाद दूसरी मेधा सूची जारी होगी. इस आधार पर कॉलेजों और पीजी विभागों में नामांकन होगा. विश्वविद्यालय में पीजी कोर्सों में फीस की एकरूपता रूप-रेखा तैयार की जा रही है. जल्द ही विश्वविद्यालय स्तर से सभी कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक होगी.